[This question paper contains **6** printed pages.]

*Your Roll No.* ..........................

**9776** **B**

**B.Ed. (SPECIAL EDUCATION)**
**[COMMON FOR VISUAL IMPAIRMENT AND MENTAL RETARDATION]**

Core Paper I—Nature and Needs of Various Disabilities—An Introduction

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Answer any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Why is early detection of vision problems important ? What are some common educational accommodations that a student with visual impairment may require ? 5+10

दृष्टि समस्याओं की प्रारम्भ में ही पहचान क्यों महत्त्वपूर्ण है? ऐसे कौन से कुछ सामान्य शैक्षिक समंजन हैं, जिनकी दृष्टिबाधित छात्र को आवश्यकता हो सकती है?

2. Why is it important to know the age of onset, type and degree of hearing loss ? What are the indicators of possible hearing loss seen in the classroom ? Enlist three major causes of hearing impairment. 6+6+3

श्रवणलोप के प्रारम्भ की आयु, प्रकार और डिग्री को जानना क्यों महत्त्वपूर्ण है? कक्षा में श्रवणलोप के सम्भावित सूचक क्या पाए जाते हैं? श्रवणबाधिता के तीन मुख्य कारणों को सूचीबद्ध कीजिए।

3. Meera is a teacher in a primary school in a village. She had undergone short term training on teaching children with special needs but still finds it difficult to teach in a large class having children with various needs. She has two children with mental retardation (intellectual impairment) in her class. There are so many things, she has to think about and plan. Prepare guidelines for Meera to help deal with the children with mental retardation (intellectual impairment) in the following areas :

(i) Curriculum modifications,

(ii) Behaviour modification techniques. 6+9

मीरा गाँव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है। उसने विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के शिक्षण सम्बन्धी अल्पकालिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है, परंतु फिर भी उसे विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों युक्त एक बड़ी कक्षा में पढ़ाने में कठिनाई होती है। उनकी कक्षा में मानसिक मंदन (बौद्धिक बाधिता) युक्त दो बच्चे हैं। उसे बहुत-सी बातों के बारे में सोचना पड़ता है और योजना बनानी पड़ती है। मानसिक मंदता (बौद्धिक बाधिता) युक्त बच्चों से निपटने में निम्नलिखित क्षेत्रों में मीरा की सहायता के लिए दिशानिर्देश तैयार कीजिए :

(*i*) पाठ्यचर्या परिवर्तन

(*ii*) व्यवहार परिवर्तन तकनीकें।

4. Explain why each of the following factors should be taken into consideration when defining emotional or behavioural disorders :

(*a*) dimensions of behaviour (frequency, intensity, duration, age appropriateness),

(*b*) transient nature of problematic behaviour,

(*c*) 'typical' versus 'atypical behaviour'.

How can a teacher manipulate the physical environment to assist students with emotional or behavioural disorders ? 2+2+2+9

स्पष्ट कीजिए कि संवेगात्मक अथवा व्यवहारगत विकारों को परिभाषित करते समय निम्नलिखित कारकों में से प्रत्येक को ध्यान में क्यों रखा जाना चाहिए?

(क) व्यवहार के आयाम (बारंबारता, तीव्रता, अवधि, आयु उपयुक्तता)

(ख) समस्यात्मक व्यवहार की क्षणिक प्रकृति

(ग) 'प्ररूपी' बनाम 'अप्ररूपी व्यवहार'।

शिक्षक संवेगात्मक अथवा व्यवहारगत विकारयुक्त बच्चों की सहायता करने के लिए शिक्षक किस प्रकार भौतिक परिवेश से काम निकाल सकता है?

5. Rahul is now in second grade and has a terrible time learning to read. On the playground, or in physical education and art classes he is as much a member of the in-group as anyone else. But in his reading class he takes so long to think of which sound goes with which letter in a word that he forgets the beginning sound by the time he gets to the end of the word. He can't even guess words well as he doesn't understand the grammatical structure of the sentences and word meaning well.

(*i*) In the above case what is Rahul's problem ?

(*ii*) What could be the probable causes of such problem ?

(*iii*) Suggest few ways to help Rahul improve his reading. 2+5+8

राहुल दूसरी कक्षा में है और उसे पढ़ना सीखने में बहुत कठिनाई होती है। खेल के मैदान में अथवा शारीरिक शिक्षा और कला कक्षाओं में वह अन्य सदस्यों की भाँति ही अंतः-समूह का सदस्य है। परंतु पठन की अपनी कक्षा में वह यह सोचने में इतना समय लेता है कि कौन-सी ध्वनि शब्द में किस अक्षर के साथ है कि वह जब तक शब्द के अंत तक पहुँचता है तब तक प्रारम्भिक ध्वनि भूल जाता है। वह शब्दों का समुचित अनुमान भी नहीं लगा पाता, क्योंकि वह वाक्यों की व्याकरणिक संरचना और शब्दार्थों को भी समुचित रूप से नहीं समझ पाता।

(*i*) उपर्युक्त स्थिति में राहुल की क्या समस्या है?

(*ii*) ऐसी समस्या के सम्भावित कारण क्या हो सकते हैं?

(*iii*) राहुल को उसके पठन में सुधार में मदद करने के कुछ तरीके सुझाइए।

6. What are the various types of Cerebral Palsy ? What accommodations in a regular classroom may be required for them ? 7+8

प्रमस्तिष्क अंगघात के विभिन्न प्रकार क्या हैं? उनके लिए नियमित कक्षा में क्या समंजन अपेक्षित हो सकते हैं?

7. What are the various causes of locomotor disability ? Many children with locomotor disabilities have difficulties in accessing physical environment. How can you help them in overcoming these limitations ? 9+6

चलनात्मक अशक्तता के विभिन्न कारण क्या हैं? चलनात्मक अशक्तताओं वाले बहुत से बच्चों को भौतिक परिवेश तक पहुँचने में कठिनाइयाँ होती हैं। इन सीमाओं से उबरने में आप उनकी सहायता किस प्रकार कर सकते हैं?

8. Write short notes on any *two* of the following : 7½+7½

(*a*) Characteristics of autism and classroom intervention

(*b*) Communication strategies for children with deaf blindness

(*c*) Types and management of epilepsy in classroom

(*d*) General causes of multiple disabilities and their prevention.

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) स्वलीनता के अभिलक्षण और कक्षा मध्यक्षेप

(ख) बधिरता अंधता युक्त बच्चों के लिए संप्रेषण युक्तियाँ

(ग) मिरगी के प्रकारों और कक्षा में उनका प्रबन्धन

(घ) बहुविध अशक्तताओं के सामान्य कारण और उनका निराकरण।